दिनांक : 13 .07.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

13.07.2026/02.10PM

एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित 'एमपी टेक ग्रोथ कॉनक्लेव 3.0' का शुभारंभ किया। इस कॉन्क्लेव में सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और जीसीसी निवेश पर मंथन होगा। कॉन्क्लेव में देश-विदेश की प्रमुख टेक कंपनियां, निवेशक और नीति विशेषज्ञ एक मंच पर जुटें हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, तकनीक और प्रतिभा के बल पर दुनिया में नई पहचान बना रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश भी कृषि, खनिज और वनों की पारंपरिक पहचान से आगे बढ़कर डिफेंस, ड्रोन, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, रिन्यूएबल एनर्जी और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर जैसे भविष्य के क्षेत्रों में तेज़ी से अग्रसर है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 'सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना और इंदौर के सुपर कॉरिडोर व भोपाल में अत्याधुनिक आईटी पार्क विकसित किए जाने की घोषणा की।

## उपचुनाव नामांकन

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने आज अपना नॉमिनेशन फाइल किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, सपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव मौजूद रहे। वहीं, अब से कुछ देर बाद बीजेपी उम्मीदवार आशुतोष तिवारी नामांकन दाखिल करने निर्वाचन कार्यालय पहुंचेगे। आशुतोष तिवारी का पर्चा भरवाने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया पहुंच रहे हैं।

## दुग्ध उत्पादन

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलाए जा रहे "दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान" का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पशुपालकों के घर पहुंचेंगे और नस्ल सुधार, पशु पोषण, टीकाकरण एवं सेक्स सॉर्टेड सीमेन के बारे में जानकारी देंगे। नर्मदापुरम से हमारे संवाददाता ने बताया है कि 18 जुलाई तक चलने वाले छः दिवसीय अभियान के दौरान नर्मदापुरम, बाबई, पिपरिया, बनखेड़ी, सोहागपुर, सिवनी

मालवा और केसला विकासखंड के 11,595 पशुपालक परिवारों तक विभागीय अमला पहुंचेगा।

**प्रधानमंत्री-कोट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सर्वांगीण विकास प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करता है और इससे राष्ट्र की प्रगति को नई गति मिलती है। संस्कृत का एक उद्धरण साझा करते हुए मोदी ने कहा कि देश इस प्रेरणादायक भावना के साथ भारत की क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसमें कहा गया है कि महिलाओं का कल्याण सुनिश्चित करना, युवा पीढ़ी की रक्षा और पोषण करना तथा राष्ट्र की एकता, सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करना प्रत्येक जन प्रतिनिधि का निरंतर कर्तव्य है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून फिलहाल कमजोर पड़ गया है। प्रदेश के करीब 60 प्रतिशत हिस्से से मानसूनी बादल छंट गए हैं, जिसके चलते अगले पांच दिनों तक कहीं भी भारी या अति भारी बारिश की संभावना नहीं है। 16 जुलाई से एक नया मौसम सक्रिय हो सकता है, जिससे प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद

है। मौसम विभाग ने आज सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार और अलीराजपुर जिलों में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- गुना में नगर पालिका द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाकर, जलजनित एवं बैक्टीरिया जनित रोगों की रोकथाम करना है।

2- मंडला जिला जेल में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में बंदियों की समस्याओं को सुना गया।

3- जबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने जबलपुर-पुणे वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में कल जबलपुर से इटारसी के बीच औचक निरीक्षण किया।

4- भगवान जगदीश की पारम्परिक रथयात्रा कल आगरमालवा जिले के कानड़ में धार्मिक श्रृद्धा और उल्लास से निकाली गई।